जिला कारागृह का किया निरीक्षण

करौली (नि.स.)। करौली जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष और जिला एवं सत्र न्यायाधीश माधवी दिनकर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव बीना गुप्ता ने मंडरायल रोड स्थित जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और कानूनी सहायता की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में 132 बंदी मिले। निरीक्षण के दौरान बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही बंदियों को उनके अधिकारों,निशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान कारागृह में मूलभूत सुविधाओं,जेल में साफ-सफाई,भोजन व्यवस्था,जल व्यवस्था, मेडिकल सुविधा और दवाइयों की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान बंदियों के लिए पेयजल की उपलब्धता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जेल प्रशासन को व्यवस्था में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कवियों ने भगवान महावीर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर काव्यपाठ किया

हिण्डौन सिटी। श्री महावीर जी में श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में पूर्व रात्रि मंगलवार को रात्रि 8:30 बजे सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजन हुआ, जिसमें देश के प्रख्यात कवियों ने भगवान महावीर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर कविता पाठ किया। अहिंसा, शाकाहार, त्याग, तपस्या के साथ बेटी बचाओ - बेटी पढाओ तथा कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने एवं देश भक्ति का संदेश,देश के लिए मर-मिटने वाले शहीदों के परिवारों की व्यथा कवियों की कविताओं में झलक रहा था। कवि सम्मेलन में कवित्री दिल्ली की मनु वैशाली ने मंगलाचरण किया। मंच संचालक एवं प्रसिद्ध कवि उदयपुर निवासी रावआजाद शत्रु ने हे महावीर तेरी जय हो, तेरी जय हो, जय निश्चय हो, हिंसा की चौखट पर दुनिया दुनिया में अहिंसा की जय हो प्रस्तुत कर तालियां श्रोताओं की बटोरी। कोटा के डॉ आदित्य जैन कवि ने जो अहिंसा धार लेता है वही वीर होता है,जो मन को मार लेता है वही महावीर होता है।वीर प्रभू की जय महावीर प्रभु की जय गीत सुनाया। साथ ही ये वक्त जागरण का है

श्री महावीर जी में श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र में पूर्व रात्रि मंगलवार को सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजन हुआ।

आराम का नही, जिस दिल में भी सम्मान तेरे नाम का नही, उन लोगो के इस देश में रहने का लाभ क्या जो राम का नहीं, वो किसी काम का नही। भीलवाडा के राजस्थानी गीतकार कवि राज कुमार बादल ने सत्य और अहिंसा केवल किताबों में बचे हुए हैं। पाप और पुण्य के बीच धुंधली लकीर है, जलती जमीन और आसमां सुलग रहा है, शीतल बौछारें बरसाओं महावीर जी सुनाकर श्रोताओं को भक्ति में ओतप्रोत कर दिया। ललितपुर के करुण रस कवि जैन वीरेन्द्र विद्रोही ने बनके आंखों में आंसू वो नीर हो गये। वो खो गये जहां से तो तस्वीर हो गये। करुणा दया का पाठ पढाकर चले गए, ऐसे महान संत महावीर हो गये सुनाई। श्री महावीरजी के वीर रस कवि प्रहलाद चांडक ने चेतना में शील का यदि चित्र नही है, सब व्यर्थ है यदि चरित्र नहीं है। सात समन्दर से भी गहरा है ये आंखों में जो पानी वाला पहरा है ये सुनाकर कवि सम्मेलन का मंगलाचरण किया। दूसरे चरण में कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से हास्य व्यग्य पर अपनी पिचकारी छोडते हुये भ्रष्टाचार, राजनीति व आज के समय की समस्याओं, शहीदों के परिवारों की व्यस्था, बेटियों व बहुओं पर अत्याचार पर व्यंग्य कर श्रोताओं को सोचने को मजबूर कर दिया। शुजालपुर के गोविन्द राठी, उदयपुर की दीपिका माही, फरीदाबाद के सरदार मंजीत सिंह, इटावा के गौरव चौहान ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा। बारां के मारुति नन्दन ने मै गधा हूं कविता सुनाकर श्रोताओं को हसां हसा कर लोटपौट कर दिया। राज कुमार बादल ने राजस्थानी गीतों के माध्यम से तालियां बटोरी। उपस्थित श्रोताओं ने कविता पाठ पर तालिया बजाकर कवि सम्मेलन को जागृत बनाये रखा। संचालन उदयपुर के राव अजातशत्रु ने किया। क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला ने सभी कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

मोशन एजुकेशन ने सफलता का परचम फिर लहराया

कोटा, (निसं)।। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स-2024 के परिणाम में मोशन एजुकेशन ने फिर सफलता का परचम लहराया है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जारी जेईई मेन्स के परिणाम में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। मोशन के 10 हजार 132 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स एग्जाम दिया था।

इसमें से 6 हजार 891 का चयन जेईई एडवांस के लिए हुआ है। इस प्रकार मोशन का सलेक्शन रेशियो 68.01 रहा। दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर यह सलेक्शन रशियो केवल 17.68 प्रतिशत रहा है। जनरल और ओबीसी केटेगिरी के टॉप एक हजार में 44 मोशनाइट्स हैं। इनमें

- **टॉप एक हजार में 44 विद्यार्थी, सलेक्शन रेशियो 68.01 प्रतिशत रहा**

विशारद श्रीवास्तव ने 40वीं और ईशान गुप्ता ने 46वीं रैंक हासिल की। दोनों ने हंड्रेड पर्सेंटाइल अंक हासिल किए। इनके अलावा जयंत कुमार ने 99.998 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर 77 वीं रैंक हासिल की है। नितिन विजय ने बताया कि जेईई मेन-2024 में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मोशन एजुकेशन में कोचिंग पर 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके अलावा 97 से 98.99 परसेंटाइल तक 93.99 प्रतिशत स्कॉलरशिप, 95 से 96.99 परसेंटाइल पर 69.96 प्रतिशत, 90 से 94.99 परसेंटाइल पर 63.63 प्रतिशत, 80 से 89.99 परसेंटाइल पर 51.51 प्रतिशत, 70 से 79.99 परसेंटाइल पर 45.45 प्रतिशत, 60 से 69.99 परसेंटाइल पर 36.36 प्रतिशत और 50 से 59.99 परसेंटाइल पर 30.30 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी। अच्छे परिणाम की खुशी में मोशन के द्रोणा-2 कैम्पस में गुरुवार को सफलता का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में खुशी का माहौल रहा। ऑन लाइन डिवीजन के हेड जीबी सर ने चयनित विद्यार्थियों और टॉपर्स का अभिनंदन किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के परिणाम में मोशन के सितारों ने अपनी और फेकल्टीज की मेहनत के दम पर जोरदार चमक बिखेरी है।

भागवान को चढ़ाई पोशाक

करौली के मदन मोहनजी मंदिर मे सेवादारो को भगवान कि पोषाक अर्पण करता पुलिस जवान मनोज चौधरी।

करौली (नि.स.)। जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में आज चौधरी परिवार की ओर से 56 भोग का आयोजन किया जाएगा इससे पूर्व परिवार के लोगों ने धूमधाम के साथ भगवान को पोशाक अर्पण कि।

करौली पुलिस के जांबाज कांस्टेबल मनोज चौधरी के परिवार की ओर से आज शुक्रवार को भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान को आकर्षक पोशाक धारण कराई जाएगी महावीर जी के निकट खेडीचांदला गांव निवासी प्रेम सिंह चौधरी,राधेश्याम चौधरी, गोविंद चौधरी, रामसिंह चौधरी, विपिन, शेरसिंह, धर्मेंद्र, मनोज चौधरी, विष्णेंद्र चौधरी परिवार की ओर से शुक्रवार को शाम भगवान मदन मोहनजी महाराज के मंदिर में पहुंचकर सेवादारों को पोशाक अर्पण की वही आज शुक्रवार को भगवान को 56 भोग लगाते हुए झांकी झांकी सजाई जाएगी।

ब्राह्मण समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 9 जुलाई को

कोटा, (निसं)। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के तत्वावधान में दसवां ब्राह्मण आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 9 जुलाई को होगा जिसकी तैयारियां व्यापक रूप से जोरों पर है।

सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के अध्यक्ष ओमप्रकाश टंकारियां एवं सम्मेलन संयोजक राजेंद्र शर्मा रंगपुर ने बताया कि सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर तृतीय के तत्वावधान में विगत 9 वर्षों से ब्राह्मण आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है इसी क्रम में 9 जुलाई को सनाढ्य सामुदायिक भवन महावीर नगर प्रथम में दसवां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के तत्वावधान में आयोजित विवाह सम्मेलन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया संरक्षक मंडल बनाया गया वही कार्यक्रम के सह संयोजक, नियुक्त किए गए तथा कार्यक्रम के लिए सलाहकार समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम के सम्मेलन के कोषाध्यक्ष मंच व्यवस्था प्रभारी, मिडिया प्रभारी, पांडाल व्यवस्था के लिए सदस्य नियुक्त किए गए वही सम्मेलन की व्यवस्था के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया जिसमें भोजन व्यवस्था पेयजल व्यवस्था आवास एवं टेंट व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, प्रचार प्रसार समिति का गठन कर महिला मंडल एवं युवा मंडल को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई।

समिति के महामंत्री रामस्वरूप शर्मा एवं कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार पाठक ने बताया कि विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है इच्छुक कार्यालय में आकर एवं समिति सदस्यों से संपर्क कर पंजीकरण कर सकता है। जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सनाढ्य सभा समिति के तत्वावधान में आयोजित विवाह समारोह में प्रतिपक्ष 31000 पंजीकरण की राशि रखी गई है सामूहिक विवाह सम्मेलन में समिति द्वारा प्रत्येक जोड़ों को मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब बिछिया, नाक की सोने, की, अलमारी, पंखा सिलाई मशीन, बेड, सेंट्रल टेबल, ड्रेसिंग टेबल, गद्दा, तकिया, बेडशीट, सूटकेस दीवार घड़ी 11 बर्तन समेत सामग्री प्रदान की जावेगी। सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र शर्मा रंगपुर ने बताया कि 9 जुलाई को प्रात: वर-वधू की उपस्थिति, प्रात: 7.00 बजे यज्ञोपवीत संस्कार एवं मंडल तथा कन्या का मंडल, प्रात: 11.00 बजे बरात निकासी वर पक्ष, प्रात: 11 तथा तोरण दोपहर 12.30 तथा पाणिग्रहण संस्कार दोपहर 1.30 बजे तथा आशीर्वाद समारोह 4.30 बजे तथा विदाई समारोह समय 5.00 बजे आयोजित किया जावेगा।

जेईई मैंस रिजल्ट में निर्मल की मेधावियों ने फिर फहराया परचम

हिंडौन सिटी। शहर के मोहन नगर स्थित निर्मल आईआईटी एंड मेडिकल एकेडमी के मेधावी विद्यार्थियों ने गत रात जारी हुए जेईई मेंस के रिजल्ट में शानदार सफलता अर्जित कर परचम फहराया है।निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि एनटीए की ओर से जारी किए गए। परीक्षा परिणाम में निर्मल आईआईटी एंड मेडिकल एकेडमी के मेधावी विद्यार्थी हिमांशु सिंहल ने सर्वाधिक 99.85 परसेंटाइल हासिल करके शानदार सफलता अर्जित की है। इसी के साथ विपांशु मंगल ने 99.82 परसेंटाइल, यस सिंहल ने 99.3 8, प्रवेश प्रजापत ने 99.32, तनिष्क नमन मित्तल ने 98.97, चिराग जैन ने 98.80, कीर्ति गुप्ता ने 97.15, अंकित गुप्ता ने 95.53, कार्तिकेय जैन ने 95.2 7 परसेंटाइल हासिल करके कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी तरह आईआईटी एंड मेडिकल अकादमी के छात्र हर्षित गोयल ने 91.9 8, विवेक कुमार ने 90.76, अक्षत गोयल ने 89.8 3,आयुष अग्रवाल ने 86.31, देवेंद्र मीणा ने 81.75, अभिषेक ने 80.03, नंदिनी ने 76.71, सचिन मीणा ने 75.77, गगन मीणा ने 75.33, राज जागरवाल ने 59.67 एवं आदित्य ने 56.88 परसेंटाइल हासिल करके एडवांस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सफलता अर्जित करने वाले सभी मेधावियों को निर्मल कैंपस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बधाई देते हुए स्वागत किया गया इस दौरान निर्मला एजुकेशन ग्रुप के सभी संस्थाओं के संस्था प्रधान और कर्मचारी मौजूद रहे।

विद्यालय मे प्रवेश प्रक्रिया 6 मई से होगी शुरू

करौली। (नि.स.) महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय करौली के प्रधानाचार्य मिथलेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर स्थापित महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम करौली में निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के आदेशो की अनुपालना में नवीन सत्र 2024-25 के लिये प्रवेश प्रक्रिया कक्षा 1 से 12 तक 6 मई से प्रारम्भ की जा रही है।

उन्होने बताया कि कक्षा नर्सरी में समस्त सीटो पर नवीन प्रवेश जबकि शेष कक्षाओ कक्षा 2 से 12 में पूर्व कक्षाओं से कमोन्नत/उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्रवेश उपरान्त शेष रही सीटो पर प्रवेश दिया जायेगा। स्थानीय विद्यालय में कक्षा 11 एवं कक्षा 12 में गणित एवं विज्ञान संकाय संचालित है। उन्होने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन पत्र स्थानीय विद्यालय की प्रवेशोत्सव प्रभारी श्रीमती मनीषा पूनिया मोबाईल 8741064064 एवं सहायक प्रवेशोत्सव प्रभारी नितिन शर्मा मोबाईल 9079616450 से 7.7 से 12. मई तक विद्यालय समयावधि में अथवा शालादर्पण क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन भरे जा सकते है। रिक्त सीटो पर प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से 14 मई को सम्पादित की जायेगी। प्रवेश कार्य 16 मई से जबकि शिक्षण कार्य 1 जुलाई से प्रारम्भ होगा।

30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का समापन आरसेटी कार्यालय में सम्पन्न हुआ

भरतपुर। ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार के सहयोग से संचालित पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का समापन गुरूवार को आरसेटी कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डॉ अमित यादव विशिष्ट अतिथि पंजाब नैशनल बैंक के मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी तो समाज में बदलाव आयेगा तथा महिला स्वावलम्बन की सोच साकार होगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक रूप से स्वाबलम्बी बनाने के लिए अनेक ऋणपरक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से महिलाएं बचत कर स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार का स्वरोजगार शुरू करें तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ब्यूटी पार्लर के माध्यम से महिलाएं घर बैठे स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकती हैं। प्रशिक्षण में दी गई जानकारी का लाभ निश्चित रूप से उनके व्यवसाय में मिलेगा। उन्होंने सभी महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण के बाद से ही स्वरोजगार शुरू करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद

आरसेटी में 30 दिवसीय ब्यूटीपार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण

समारोह के जिला कलक्टर द्वारा ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट व फास्ट फूड उद्यमी के सफल ट्रेनीज को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। मण्डल प्रमुख ने बताया कि पीएनबी आरसेटी की ओर से स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम देकर महिलाओं में हुनर विकसित करने की अनूठी पहल की है। उन्होने बैंक की ई मुद्रा स्कीम द्वारा ऋण सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी देकर महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा जब भी आवेदन किया जायेगा प्राथमिकता से ऋण स्वीकृति दी जायेगी। निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरसेटी द्वारा आयोजित इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को भरतपुर एव डीग जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से ग्रामीण 35 महिलाओं ने भाग लिया। जिला प्रशासन द्वारा भी स्वरोजगार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं को बचत करने की आदत को बढ़ावा देना, आय का सही उपयोग करना व ऋण केवल बैंकों से ही लेना एवं ऋण का उत्पादक कार्य में उपयोग करने के बारे में बताया जिससे समय से ऋण की किस्त बैंक में चुका सके।

महेन्द्र पहलवान ने जीती आखिरी कुश्ती

हिंडौन सिटी। श्रीमहावीर जी में श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में 18 अप्रेल से चल रहे भगवान महावीर के वार्षिक मेले का कुश्ती दगल के साथ समापन हो गया। मंदिर के प्रबन्धक नेमीकुमार पाटनी ने बताया की कुश्ती दंगल में 1महिला पहलवान सहित 34 पहलवानों ने दांवपेंच लड़ाए। आखिरी की कुश्ती का मुकाबला दौसा के महेन्द्र पहलवान व भरतपुर के सागर पहलवान के बीच हुआ। जिसमें दौसा के महेन्द्र पहलवान ने बाजी मारी

। आयोजकों ने विजेता महेन्द्र पहलवान को 2100 रुपए की नकदी देकर सम्मानित किया। रैफरी की भूमिका बाबू पहलवान, टोमी पहलवान, बिजेन्द्र पटेल ने निभाई।

कुश्ती दंगल मे 100 रूपये से लेकर 2100 रुपये की 21 कुश्ती हुई। दौसा जिले की महिला पहलवान ममता मीना 1500 रूपये की कुश्ती पर खडी हुई, जिसमें अन्य महिला पहलवान नही आने के कारण ममता मीना को विजयी घोषित किया गया। कुश्ती दंगल में दूर-दराज से आए अनेक पहलवानों ने दांव-पेंच आजमाए।

इस मौके पर प्रबन्धक नेमीकुमार पाटनी, प्रवीण कुमार जैन, विशेषाधिकारी विकास जैन, साहब सिंह गुर्जर, सुरक्षा अधिकारी मोहरसिंह, थानधिकारी कैलाश चन्द गुर्जर, रामहरी हवलदार आदि लोग उपस्थित थे।

सार-समाचार

परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा निशुल्क फिजियोथैरेपी परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन डॉ एचएन शर्मा कैंपस, कोतवाली चौराया के पास भरतपुर में किया जा रहा है। महासम्मेलन अध्यक्ष सीमा मंगल एवं सचिव शोभा कंसल ने बताया कि कैंप 30 अप्रैल सुबह 8.30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। शिविर में नवोस्कोप द्वारा रीड की हड्डियों की दबी हुई नसों एवं सीजी मशीन द्वारा मसल्स स्ट्रैंथ की जांच निशुल्क की जाएगी। इसके अलावा कमर संबंधित रोग जैसे स्लिप डिस्क साइटिका, हाथ पैरों, सुन्न रहना कंधे का जाम, घुटनों, एड़ी, कोनी में दर्द, प्लास्टर चढ़ने के बाद या कोई भी अंग का प्रत्यारोपण होने के बाद अंग या जोड़ की मूवमेंट पूरी तरह से ना आना आदि की जांच की जाएगी। पैरालिसिस के बाद हाथ पैरों का काम न करना या हाथ हाथ या पैरों में जकड़न हो जाना।

नलो मे आ रहा है दूषित पेयजल

करौली(नि.स.) करौली कि नई सब्जीमंडी के पीछे बसी कृष्णा कॉलौनी के मकानो मे पीने के पानी मे दूषित सप्लाई आने से लोगो को बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। भूरसिंह चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दलित चेतना मंच एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुसूचित जाति/जनजाति अखिल भारतीय परिसंघ ने बताया की पुराने बस स्टैंड के पीछे कृष्णा कॉलोनी में नलों मे करीब 20 दिनो से लगातार गंदा पानी आ रहा है जिसके कारण बस्ती के लोगों में उल्टी,दस्त,पेट से संबंधित बीमारियां हो रही है। इस संबंध में जलदाय विभाग के कर्मचारी अधिकारीयो को कई बार अवगत करा दिया गया है। मगर जलदाय विभाग के लापरवाह कर्मचारी किसी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहे हैं और गंदा पानी पीने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिसके जिम्मेदार जलदाय विभाग के कर्मचारी होंगे। इस संबंध में राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दो-दो परिवाद दर्ज करा दिये और करौली अधिकारियों को अवगत कराया गया है। मगर उनकी बात पर भी ध्यान नहीं दिया गया। उन्होने चेतावनी दी है कि अगर किसी प्रकार की बीमारी फैलती है तो इसके जिम्मेदार करौली जलदाय विभाग के अधिकारी,कर्मचारी होंगे।

इनामी आरोपी गिरफ्तार

करौली(नि.स.)। करौली सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 साल से फरार चल रहे 5हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि स्वयं पुलिस थाने से रवाना होकर इलाके में गस्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाने के एक प्रकरण में फरार आरोपी श्याम उर्फ राधे मीणा निवासी लखरपुरा कहीं जाने की फिराक में ससेडी मोड पर खड़ा है तो सूचना पर पुलिस जाप्ते के साथ बताए गए हुलिए के आधार पर पहुंचे। जहां एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेरा देकर रोक लिया और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम श्याम उर्फ राधे मीना पुत्र छोटेलाल मीना निवासी लखरपुरा थाना सदर करौली का होना बताया उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से स्थाई वारंट जारी कर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया की कार्यवाही के दौरान कांस्टेबल सतीश चतुर्वेदी, धवल, सरकारी वाहन चालक रमाकांत साथ थे।

सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

करौली(नि.स.)। जिले की चिकित्सा सेवाओं में सुधार लाने और रोगियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने पीएचसी कोंडर,सब केंद्र चैनपुर,पीएचसी फतेहपुर और कोटरी का औचक निरीक्षण कर पाई कर्मियों में सुधार के निर्देश प्रदान किए। सीएमएचओ मीना ने निरीक्षण दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर मौजूद कार्मिकों को निर्धारित समय से चिकित्सा संस्थान पर पहुंचे और ठहराव के लिए पाबंद करते हुए साफ सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की स्थिति से रूबरू होकर प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संस्था पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रखने एवं दवाओं को अवधि पार होने से बचाने सहित मौसमी बीमारियों कि रोकथाम और नियंत्रण के लिए की जा रही गतिविधियों पर बल दिए जाने की आवश्यकता जताई। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने परिवार कल्याण के आवंटित लक्ष्यों को वर्ष प्रारंभ से ही हासिल करने के निर्देश प्रदान करते हुए अंतरा इंजेक्शन के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने की बात रखी।

शिक्षकों ने किया स्वागत

नदबई (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ब्लाक कार्यकारिणी नदबई की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिलेदार के नेतृत्व में नवनियुक्त सीबीआई सुरेश चंद्र भातरा का स्वागत सम्मान किया गया। सीबीईओ को भातरा ने शिक्षकों के कार्यों का समय पर निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर बल दिया। उधर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रिंसिपल रामबाबू शर्मा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के ब्लॉक अध्यक्ष जिलेदार एवं ब्लॉक नदबई के सभी शिक्षकों ने सुरेश चंद भातरा को सीबीईओ बनाए जाने पर, स्थानीय विधायक कुँ0 जगत सिंह का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया गया। सभी शिक्षकों में स्थानीय विधायक सिंह की अनुशंसा पर सुरेश चंद्र भतरा को उपखंड शिक्षा अधिकारी बनाए जाने पर खुशी एवं हर्ष की लहर है। इस अवसर पर यादव चंद लवानियां हरीश चौधरी, राम विजय,अंकुर जिंदल सुरेश, पूनम चतुर्वेदी अशोक लवानियां, नंदकिशोर उपाध्याय, कपिल लवानियां, हनुमान गुर्जर, जगमोहन, नंदलाल, अतरसिंह, रामकरण मीणा, चांदराम, टीकाराम, हरिसिंह, पवन शर्मा, भूपसिंह, अभिषेक जैन, दिनेश शर्मा, रामेश्वर सैनी, हरि मोहन मीणा, विष्णू भगवान आदि मौजूद रहे।

ठेकेदारों विरोध प्रदर्शन किया

भरतपुर(निस)। भरतपुर के राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड में शराब आपूर्ति को लेकर ठेकेदारों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया। डिपो मैनेजर और कुछ ठेकेदारों में हाथापाई की नौबत आ गई। ठेकेदारों ने मैनेजर को पीटने के लिए कुर्सियां उठा लीं। लेकिन, वहां मौजूद लोगों ने मामले को शांत करवाया। गर्मी सीजन में बीयर की डिमाण्ड अधिक रहती है। जबकि सप्लाई डिमाण्ड के मुकाबले कम रहती है। ऐसे में भरतपुर की सभी शराब की दुकानों की बीयर की डिमाण्ड करना अपने में चुनौती हो जाती है।

मलेरिया से बचाव के लिए आमजन की सर्तकता जरूरी

करौली (नि.स.)। विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता परक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें इस बर्ष की थीम एक्सेलेरिटिंग द फाइट अगेंस्ट मलेरिया फोर द मोर एक्यूटेबन वर्ल्ड पर गतिविधियों का आयोजन हुआ। हालांकि 14 मई तक मलेरिया क्रेष कार्यक्रम संचालित है जिसमें आमजन को स्वास्थ्य कर्मियों की टीमों द्वारा सोर्स रिडक्षन, एंटीलार्वल, एंटीएडल्टव आईईसी गतिविधियों द्वारा मच्छर जनित बीमारियो से बचाव,रोकथाम और नियंत्रण के लिए सचेत किया जा रहा है। लेकिन मलेरिया से बचाव के लिए आमजन की सर्तकता जरूरी है। सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद मीना ने बताया कि विष्व मलेरिया दिवस पर आशाओ की टीम बनाकर एएनएम एवं सीएचओ द्वारा घर-घर सर्वे में मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान आमजन को दैनिक उपयोग में लिए जा रहे कुलर,फ्रिज की ट्रे,कवाड,गमले कि नीचे की ट्रे, परिन्डे को खाली कर सुखाने व मच्छर जनित रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

क्रमांक:136 दिनांक: 24.04.24
न्यायालय जिला न्यायाधीश करौली (राज.)
बनाम श्रीमति सुमरन बनाम हरखास
आम मु.नं. सी.एम 07/24
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण श्रीमति सुमरन के पति स्व. बनी सिंह निवासी मरौना नोंदर तहसील मण्डरायल का दिनांक 05.01.2023 को के दिवस स्वर्गवास हो चुका है प्रार्थीया ही मृतक बनी सिंह की एक मात्र वारिस है। प्रार्थीया ने न्यायालय में उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार नियम के तहत उसके पति बनी सिंह के पी.एन.बी. शाखा करौली में स्थित एक लोकर संख्या BB00095 जिसकी चाबी संख्या BB32 को खुलवाने बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु पेश किया गया है जिस व्यक्ति को इस संदर्भ में कोई आपत्ति हो वह स्वयं/प्लीडर द्वारा नियम दिनांक 29.05.24 को समय 07:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।
(मुहर) आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम
जिला न्यायाधीश करौली राज.